<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

तिथि 22 अप्रैल 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में कड़ी कार्रवाई की मांग की।
- देश में रसोई गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी, कल पैंतालीस लाख रीफिल बुक किए गए।
- हरियाणा मंत्रिमंडल ने हरियाणा लिपिक सेवा विधेयक 2026 लाने के लिए 27 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए कांग्रेस की आलोचना की, विपक्षी दलों को महिला विरोधी बताया।
- विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्□ा ने जींद के पॉलीक्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। चिकित्सक और कई कर्मचारी ड्यूटी से गैरहाज़िर पाए गए।

*******************************************************
**************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं निर्मला सीतारामन, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल और अरुण सिंह सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में आज निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग की और कांग्रेस अध्यक्ष से देश से माफी मांगने को कहा। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने मल्लिकार्जुन खरगे पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

*देश का प्रधानमंत्री दुनिया में एक बहुत मजबूत नेता, लोकतंत्र का प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मानते हैं। हमने कमिश्नर को रिक्वेस्ट किए हैं कि देश का कोई भी पॉलीटिकल पार्टी अगर इस तरह का भाषा का प्रयोग करेंगे। सख्त से सख्त करवाई किया जाए और हमने यह भी मांग किया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी पूरा देश के लोगों से माफी मांगे।*

*************************************************************

**********

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर आज नई दिल्ली में आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और घरेलू एलपीजी की आपूर्ति बिना बाधा हो रही है।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की संयुक्त सचिव निधि केसरवानी ने कहा कि पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन के तहत विभाग ने ईंधन और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि संपीड़ित और प्राकृतिक गैस तथा बायोगैस के अंतर्गत वितरण केंद्रों को लाइसेंस देने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। 467 आवेदनों में से 157 वितरण केंद्रों को अंतिम लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त 41 बायोगैस सिलेंडर भरने और भंडारण संयंत्रों को भी मंजूरी दी गई है।

*************************************************************

**********

हरियाणा मंत्रिमंडल ने 27 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया है। इस सत्र में हरियाणा लिपिक सेवा विधेयक 2026 लाया जाएगा। गुरुग्राम में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया -

मसौदा विधेयक में क्लर्क के पद के लिए समूह  घ  के पदोन्नति के कोटे को भी 20% से बढ़ा कर के 30% करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही पहले की तरह पांच प्रतिशत  एक्स ग्रेशिया कोटा रखने की अनिवार्यता भी नियमों में शामिल की गई है।

*******************************************************************

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नारी शक्ति को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने के लिए लाए गए संविधान संशोधन विधेयक के विरोध से विपक्ष की महिलाओं के प्रति संकीर्ण सोच उजागर हुई है। आज गुरुग्राम में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा-

श्री नायब सिंह ने कहा कि इन दलों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब बात महिलाओं को अधिकार देने की आती है, तो उनका असली चरित्र सामने आता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्द बोलने की निंदा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा 370, नक्सलवाद जैसी समस्याएं जो कांग्रेस ने खड़ी की थी, उनका समाधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कर रहे हैं।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में एकतरफा माहौल है। आने वाले समय में बंगाल में बदलाव होगा। इतना ही नहीं पंजाब में भी आने वाला समय कमल का है।

*******************************************************************

**********

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा एवं सिविल सर्जन सुमन कोहली के साथ आज जींद के पॉलीक्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सक और स्टाफ अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। पंचकर्मा विभाग पिछले लगभग 20-25 दिनों से पूरी तरह बंद पाया गया।

मीडिया से बातचीत में डॉ. मिड्□ा ने कहा कि उन्हें जनता से लगातार शिकायतें मिलने पर आज अचानक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर न तो पर्याप्त चिकित्सक मौजूद थे और न ही सफाई व्यवस्था संतोषजनक थी। कई कर्मचारी अनुपस्थित थे पर उनकी अनुपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी।उन्होंने बताया कि कुछ चिकित्सक, जिनकी ड्यूटी पॉलीक्लिनिक में होनी चाहिए थी, वे नागरिक अस्पताल में मौजूद पाए गए। इसके अलावा, संस्थान के सीसीटीवी कैमरे भी लंबे समय से बंद पाए गए, जिससे पारदर्शिता और निगरानी पर सवाल खड़े होते हैं।

मीडिया के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा-

*************************************************************
**********

हरियाणा में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी है। पलवल अनाज मंडी में गेहूं की खरीद के बाद उठान भी समय पर किया जा रहा है। पलवल में मंडी समिति के अध्यक्ष पंकज विरमानी ने बताया-

उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

*************************************************************
**********

हरियाणा में आज विश्व पृथ्वी दिवस पर लोगो को पर्यावरण संरक्षण के बारे जागरूक किया गया। कैथल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस अवसर पर शेरगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विशेष जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम मे मुखय न्यायिक दण्डाधिकारी कंवल कुमार ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियो के साथ मिलकर परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

*************************************************************
**********

पृथ्वी दिवस के अवसर पर पंचकूला के मोरनी क्षेत्र में स्थित नेचर कैंप, थापली में पिंजौर वन मंडल द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में  प्रधान मुख्य वन संरक्षक के.सी. मीणा तथा  घनश्याम शुक्ला ने पर्यावरण संरक्षण में जनसहभागिता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। थपकी में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष ट्रैकिंग कार्यक्रम में भाग लिया।

************************************************************************

पलवल जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल द्वारा भी पृथ्वी दिवस के अवसर पर शांति पब्लिक स्कूल में विशेष जागरूकता शिविर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदूषण, प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग तथा अवैध कूड़ा निस्तारण जैसी स्थानीय पर्यावरणीय समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। पलवल के डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तरुण सैनी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

************************************************************************